मथुरा में जन्मे कन्हैया गोकुल में बाजे बधाईयां

मथुरा में जन्मे कन्हैया गोकुल में बाजे बधाईयां,
बाजे बधाईयां सखी बाजे बधाईयां,
मथुरा में जन्मे कन्हैया....

द्वारे नंद के भीड़ भई है, भीड़ भई है, सखी भीड़ भई है,
नाचे ग्वाल हरजाइया गोकुल में बाजे बधाईयां,
मथुरा में जन्मे कन्हैया....

सोना लूटामें राजा चांदी लूटामें और लूटामें रुपैया,
गोकुल में बाजे बधाईयां,
मथुरा में जन्मे कन्हैया.....

लड्डू लूटा में राजा बर्फी लूटामें और लूटामें रबड़िया,
गोकुल में बाजे बधाईयां,
मथुरा में जन्मे कन्हैया.....

घोड़ा लूटा में राजा हाथी उठा में और लूटामें गैया,
गोकुल में बाजे बधाईयां
मथुरा में जन्मे कन्हैया.....

दान मान विपरण को दीनो जो मांगे सो पैया,
गोकुल में बाजे बधाईयां
मथुरा में जन्मे कन्हैया.....

माता यशोदा वारी वारी जावे हस हस लेत बलिया,
गोकुल में बाजे बधाईयां,
मथुरा में जन्मे कन्हैया.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27524/title/mathura-me-janme-kanhayia-gokul-me-baaje-badhayian

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |